डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या (उ0प्र0)
DR. RAMMANOHAR LOHIA AVADH UNIVERSITY, AYODHYA (U.P.)

पत्रांक: लो0अ0वि0/परीक्षा/ 376 /2023 दिनांक: 08/05/2023

अधिसूचना

एतद्द्वारा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों एवं उनसे सम्बन्धित समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि सत्र 2022–23 की स्नातक एवं परास्नातक सम सेमेस्टर (बी0ए0/बी0काम0/बी0एस–सी0 एवं एम0ए0/एम0एस–सी0/एम0काम0) की **परीक्षाएं जुलाई– 2023 के प्रथम सप्ताह** से कराया जाना प्रस्तावित है। जिसके लिए आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरने की प्रक्रियाएं निम्नानुसार निर्धारित की जाती है:–

विवरण	प्रारम्भ तिथि	अन्तिम तिथि
छात्र/छात्राओं द्वारा आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरने एवं परीक्षा शुल्क जमा करने की तिथि	09-05-2023	22-05-2023
छात्र/छात्राओं द्वारा आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र महाविद्यालय में जमा करने तथा महाविद्यालयों द्वारा आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र को संशोधित करने एवं परीक्षा आवेदन पत्र को सत्यापित करने की तिथि	09-05-2023	23-05-2023

उपर्युक्त वर्णित कार्यक्रमानुसार यदि कोई महाविद्यालय परीक्षा आवेदन पत्र सत्यापित नहीं करते है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय की होगी एवं ऐसे छात्र/छात्राओं को परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

निर्देश

1. **छात्र/छात्राओं हेतु आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया:–**
   1. छात्र/छात्रा आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरने के लिए वेबसाइट **www.rmlauexams.in** खोलें।
   2. आनलाइन परीक्षा आवेदन–पत्र पूरित करने हेतु पूर्व सेमेस्टर की परीक्षा के अनुक्रमांक अंकित करते हुए खोलेंगें।
   3. तत्पश्चात् आनलाइन परीक्षा आवेदन–पत्र में वांछित विवरण को सावधानीपूर्वक भरें।
   4. छात्र/छात्रा प्रिंट किये गये आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र की दो प्रतियों पर हस्ताक्षर करने के उपरान्त महाविद्यालय में उपरोक्त निर्धारित समय सीमा में एक प्रति जमा करना सुनिश्चित करेंगें तथा एक प्रति अपने पास सुरक्षित रखेंगे।
   5. यदि किसी छात्र/छात्रा के परीक्षा आवेदन पत्र को पूरित करते समय कोई त्रुटि हो जाती है तो सम्बन्धित छात्र/छात्रा ऐसी दशा में अपने आवेदित परीक्षा आवेदन पत्र का महाविद्यालय के स्तर से संशोधन कराना सुनिश्चित करेंगें।
2. **महाविद्यालयों हेतु आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्रों को सत्यापित/वेरीफाई करने से सम्बन्धित प्रक्रिया:–**
   1. यदि किसी छात्र/छात्रा के परीक्षा आवेदन पत्र में कोई त्रुटि है तो ऐसी दशा में छात्र/छात्रा के परीक्षा आवेदन पत्र को संशोधित करने के उपरान्त ही महाविद्यालय परीक्षा आवेदन पत्र को सत्यापित करेंगे। यदि किसी महाविद्यालय द्वारा त्रुटिपूर्ण परीक्षा आवेदन पत्र सत्यापित किये जायेगें तो इसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय एवं छात्र/छात्रा की होगी।
   2. आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र से सम्बन्धित छात्रों की सत्यापित सूची परीक्षा विभाग में जमा कराना सुनिश्चित करें।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि:–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बन्धित महाविद्यालय को इस आशय से प्रेषित कि सभी सम्बन्धित छात्र/छात्राओं के आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र को समयान्तर्गत भराने एवं वेरीफाई कराने का कष्ट करें।
2. सहायक कुलसचिव/प्रशासनिक अधिकारी (परीक्षा/गोपनीय/लेखा)
3. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ ।
4. वैयक्तिक सहायक वित्तअधिकारी/कुलसचिव, वित्तअधिकारी/कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ/
5. मीडिया प्रभारी।
6. प्रोग्रामर, ई0डी0पी0 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि इस अधिसूचना को अपलोड करने एवं आनलाइन आवेदन पत्र पूरित करने हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें ।
7. कार्यालयीय प्रति ।

परीक्षा नियंत्रक